Prepp
Your Personal Exams Guide

**Series 3SPQR**

**SET~4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **62**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं। []
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **35** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

Prepp
Your Personal Exams Guide

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र* **चार** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* **खण्ड क, ख, ग** *तथा* **घ** *।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* **35** *प्रश्न हैं ।* **सभी** *प्रश्न* **अनिवार्य** *हैं ।*

*(iii)* **खण्ड क** *में प्रश्न संख्या* **1 – 16** *हैं । ये वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है । प्रश्न के आधार पर, सिर्फ एक ही उत्तर हो सकता है ।*

*(iv)* **खण्ड ख** *में प्रश्न संख्या* **17 – 25** *हैं । ये अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* **खण्ड ग** *में प्रश्न संख्या* **26 – 32** *हैं । ये लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* **खण्ड घ** *में प्रश्न संख्या* **33 – 35** *हैं । ये दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए ।*

*(vii)* *रेखाचित्र की सहायता से प्रश्न संख्या* **33** *का उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क

*16×1=16*

**1.** *अभिकथन (A) :* महिला साक्षरता पुरुष साक्षरता की तुलना में तेज़ी से बढ़ रही है ।

*कारण (R) :* साक्षरता, लिंग, क्षेत्रों और सामाजिक समूहों के आधार पर काफ़ी भिन्न होती है ।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

Your Personal Exams Guide

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into **four** sections — **Section A, B, C** and **D**.*

*(ii)* *There are **35** questions in all. **All** questions are **compulsory**.*

*(iii)* ***Section A** includes questions no. **1 – 16**. These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each. As per the question there can be one answer.*

*(iv)* ***Section B** includes questions no. **17 – 25**. These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* ***Section C** includes questions no. **26 – 32**. These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(vi)* ***Section D** includes questions no. **33 – 35**. They are Long Answer type questions, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed 200 words each.*

*(vii)* *Question no. **33** is to be answered with the help of given graphics.*

## SECTION A

*16×1=16*

**1.** *Assertion (A) :* Female literacy has been rising faster than male literacy.

*Reason (R) :* Literacy varies considerably across genders, across regions, and across social groups.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**2.** *अभिकथन (A) :* कुछ समुदायों को 'वीरप्रजाति' की संज्ञा दी गई है, तो कुछ को कायर या पौरुषहीन, और कुछ को दगाबाज़।

*कारण (R) :* रूढ़िवादिता ज़्यादातर एक समूह के बारे में अपरिवर्तनीय, कठोर और रूढ़िबद्ध धारणाओं पर आधारित होते हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** ____________ समाज की जनसंख्या वृद्धि में दूसरे/संक्रमणकालीन चरण की विशेषता है।

(I) उच्च मृत्यु दर और जनसंख्या विस्फोट

(II) जनसंख्या विस्फोट

(III) कम लिंग अनुपात (स्त्री-पुरुष अनुपात)

(IV) उच्च मातृ मृत्यु दर

**विकल्प :**

(A) केवल (I)

(B) केवल (II)

(C) (II) और (III)

(D) केवल (IV)

**4.** *अभिकथन (A) :* विनिवेश की प्रक्रिया के तहत सरकार कई सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अपने शेयर बेचती है।

*कारण (R) :* कई सरकारी कर्मचारी विनिवेश से भयभीत हैं कि विनिवेश के कारण उनकी नौकरी न चली जाए।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**2.** *Assertion (A) :* Some communities were characterised as 'martial races', some others as effeminate or cowardly, yet others as untrustworthy.

*Reason (R) :* Stereotypes are fixed and inflexible characterisations of a group of people.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**3.** __________ is a characteristic of the second/transitional stage in population growth of society.

(I) High death rate and population explosion

(II) Population explosion

(III) Low sex ratio

(IV) High maternal mortality rate

**Options :**

(A) Only (I)

(B) Only (II)

(C) (II) and (III)

(D) Only (IV)

**4.** *Assertion (A) :* The government sells its shares in several public sector companies as part of the process of disinvestment.

*Reason (R) :* Many government workers are scared that they will lose their job after disinvestment.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

5. निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन उपनिवेशवाद द्वारा जाति व्यवस्था में ***नहीं*** लाया गया है ?

(A) जनगणना के माध्यम से जाति की संख्या निर्धारण और रिकॉर्डिंग।

(B) विभिन्न जातियों के प्रतिनिधियों द्वारा जनगणना आयुक्त के पास सैकड़ों याचिकाएँ भेजी गईं जिनमें उन्होंने सामाजिक क्रम में अपनी जाति को अधिक ऊँचा स्थान देने की माँग की थी।

(C) जाति को पारंपरिक व्यवसायों से जोड़ना।

(D) राज्य द्वारा विशेष व्यवहार के लिए जातियों की 'अनुसूचियाँ' बनाना।

6. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिसंवेदी नीतियाँ विविधता में एकता का निर्माण करने में सहयोगी हैं ?

(A) नागरिक अपने देश तथा अपनी अन्य सांस्कृतिक पहचानों के साथ तादात्म्य स्थापित कर सकते हैं।

(B) नागरिक साझी संस्थाओं में विश्वास निर्मित नहीं कर सकते हैं।

(C) नागरिक लोकतांत्रिक राजनीति में भाग नहीं लेते और उसका समर्थन नहीं करते।

(D) विविध समूहों के सांस्कृतिक अपवर्जन (बहिष्कार) को खत्म करने और बहुविध तथा पूरक पहचानों का निर्माण करने के लिए स्पष्ट प्रयत्नों की आवश्यकता नहीं होती है।

7. एक सत्तावादी राज्य, एक लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है क्योंकि :

(A) सत्तावादी राज्य में लोगों की आवाज़ नहीं सुनी जाती।

(B) जिनके पास शक्ति होती है वे सबके प्रति उत्तरदायी होते हैं।

(C) राज्य लोगों की आवश्यकताओं पर अच्छी तरह से प्रतिक्रिया करता है।

(D) सत्तावादी राज्य नागरिक स्वतंत्रताओं को अक्सर सीमित या समाप्त नहीं करते।

prepp
Your Personal Exams Guide

**5.** Which of the following are ***not*** the changes brought about by colonialism to the caste system ?

(A) Numbering and recording of castes through census.

(B) Hundreds of petitions were addressed to the Census Commissioner by representatives of different castes claiming a higher position in the social scale.

(C) Linking castes to traditional occupations.

(D) Making 'Schedules' of castes for special treatment by the State.

**6.** Which of the following institutional incentives helps to build a feeling of unity in diversity ?

(A) Citizens can find the institutional and political space to identify with both their country and cultural identities.

(B) Citizens cannot build trust in common institutions.

(C) Citizens do not participate in and support democratic politics.

(D) Explicit efforts are not required to end the cultural exclusion of diverse groups.

**7.** An authoritarian state is the opposite of a democratic state because :

(A) It is a state in which people have no voice.

(B) Those in power are accountable to everyone.

(C) The state responds well to the needs of the people.

(D) Authoritarian state does not abolish civil liberties.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** *अभिकथन (A) :* देश के विभिन्न भागों में संस्कृतिकरण एक प्रकार से संचालित हुआ।

*कारण (R) :* जिन क्षेत्रों में ग़ैर-संस्कृतिवादी जातियाँ प्रभुत्वशाली थीं, वहाँ इनका प्रभाव प्रबलतम था।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सी विकलांगता (निर्योग्यता/अक्षमता) के बारे में सार्वजनिक धारणा है ?

(A) अक्षमता को एक जैविक कमज़ोरी नहीं माना जाता है।

(B) अक्षम व्यक्ति को हमेशा शिकार यानी पीड़ित व्यक्ति के रूप में नहीं देखा जाता है।

(C) यह नहीं माना जाता है कि निर्योग्यता उस निर्योग्य व्यक्ति के अपने प्रत्यक्ष ज्ञान से जुड़ी है।

(D) निर्योग्यता का मूल भाव ही यह दर्शा देता है कि निर्योग्य व्यक्तियों को सहायता की आवश्यकता है।

**10.** *अभिकथन (A) :* भारत अभी भी मुख्यत: कृषि प्रधान देश है।

*कारण (R) :* भारत में बहुत कम लोगों को सुरक्षित नौकरियों तक पहुँच प्राप्त है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** *Assertion (A) :* Sanskritisation operated similarly in different parts of the country.

*Reason (R) :* In regions where the non-Sanskritic were dominant, it was their influence that was stronger.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**9.** Which of the following is a public perception of disability ?

(A) Disabilities are not understood as biologically given.

(B) The disabled person is not seen as a victim.

(C) Disability is not linked with an individual's self-perception.

(D) The idea of disability suggests that they are in need of help.

**10.** *Assertion (A) :* India is still largely an agricultural country.

*Reason (R) :* Very few people in India have access to secure jobs.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश्न संख्या 11 और 12 के उत्तर दीजिए।*

फिर भी छुट्टी वाले दिन आराम करने वाले व्यक्तियों में से बहुत थोड़े लोगों को ही इस बात का आभास है कि यह छुट्टी का दिन मज़दूरों के एक लंबे संघर्ष का परिणाम है। कार्य दिवस का आठ घंटे से अधिक का न होना, पुरुषों तथा महिलाओं को समान कार्य के लिए समान मज़दूरी दिया जाना तथा मज़दूरों की सामाजिक सुरक्षा तथा पेंशन के अधिकार एवं अन्य बहुत से अधिकार सामाजिक आंदोलनों के द्वारा प्राप्त किए गए थे।

**11.** सामाजिक आंदोलनों ने हमारे विश्व को किस प्रकार आकार दिया है ?

(A) 19वीं सदी में, सुधार आंदोलनों ने जाति और लिंग को प्रभावित नहीं किया।

(B) एशिया और अफ्रीका में राष्ट्रवादी आंदोलन हुए, जिन्होंने उपनिवेशवाद को समाप्त कर दिया।

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन समान अधिकार नहीं ला सका।

(D) रंगभेद विरोधी संघर्ष ने दक्षिण अफ्रीका के समाज को नहीं बदला।

**12.** हिंसक सामूहिक गतिविधि पर कार्ल मार्क्स के दृष्टिकोण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) 'जनसंकुल' तथा 'भीड़' समाज को नष्ट करने के लिए अराजक गुंडों द्वारा बनाई हुई नहीं होती।

(B) नगरीय क्षेत्रों में गरीब लोगों के पास विरोध करने के लिए उपयुक्त कारण होते हैं।

(C) वे प्राय: सार्वजनिक रूप से विरोध करते हैं क्योंकि उनके पास वचन के विरुद्ध अपना गुस्सा प्रकट करने का कोई दूसरा तरीका नहीं होता।

(D) 'जनसंकुल' तथा 'भीड़' में सही और ग़लत की कोई साझी समझ नहीं होती।

prepp
Your Personal Exams Guide

*Based on the following passage, answer Q. No. 11 and 12.*

Very few people who relax on their day off realise that this holiday is the outcome of a long struggle by workers. That the work-day should not exceed eight hours, that men and women should be paid equally for doing the same work, that workers are entitled to social security and pension — these and many other rights were gained through social movements.

**11.** How have social movements shaped the world we live in ?

(A) In the 19$^{th}$ century, reform movements did not influence caste and gender.

(B) Asia and Africa had nationalist movements, which ended colonialism.

(C) The Civil Rights Movement in the USA did not bring equal rights.

(D) Anti-apartheid struggle did not change society in South Africa.

**12.** Which of the following is ***not*** true about Karl Marx's view on violent collective action ?

(A) 'Crowds' and 'mobs' were not made up of anarchic hooligans out to destroy society.

(B) Poor people in urban areas had a good reason for protesting.

(C) They often resorted to public protest because they had no other way of expressing their anger against deprivation.

(D) 'Crowds' and 'mobs' have no shared understanding of right and wrong.

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश नसंख्या 13 और 14 के उत्तर दीजिए।*

'आदिवासी' शब्द भी राजनीतिक जागरूकता और अधिकारों की लड़ाई का सूचक बन गया है। इसका शब्दिक अर्थ है : 'मूल निवासी' और इस शब्द को औपनिवेशिक सरकार और बाहरी बाशिंदों तथा 'साहूकारों' (ऋणदाताओं) द्वारा की जा रही घुसपैठ के विरुद्ध संघर्ष के अंतर्गत 1930 के दशक में गढ़ा गया था।

**13.** आदिवासी समुदाय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) उनकी आर्थिक स्थिति ग़ैर-आदिवासियों से बेहतर थीं।

(B) वे मुख्य रूप से भारत के उत्तर-पूर्वी भागों में पाए जाते हैं।

(C) ऐसा माना जाता है कि वे जंगल के लोग थे।

(D) उन्होंने स्थानान्तरित खेती की थी।

**14.** निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में लिखिए :

(I) जनजातियों के निवास वाले क्षेत्रों में संसाधनों के दोहन का श्रेय ब्रिटिश सरकार को जाता है।

(II) 1990 के दशक के बाद से, जब भारत सरकार द्वारा आर्थिक उदारीकरण की नीतियों को आधिकारिक रूप से अपनाया गया, आदिवासी क्षेत्रों में संसाधन निष्कर्षण की प्रक्रिया और भी अधिक शक्तिशाली हो गई है।

(III) 'आदिवासी' शब्द औपनिवेशिक सरकार और बाहरी बाशिंदों तथा साहूकारों द्वारा की जा रही घुसपैठ के विरुद्ध संघर्ष के अंतर्गत 1930 के दशक में गढ़ा गया।

(IV) आदिवासी आंदोलनों की सर्वाधिक उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है, वर्ष 2000 में झारखंड और छत्तीसगढ़ के लिए अलग राज्य का दर्जा प्राप्त करना।

**विकल्प :**

(A) (III), (I), (II), (IV)

(B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (IV), (I), (III), (II)

(D) (III), (II), (IV), (I)

prepp
Your Personal Exams Guide

*Based on the following passage, answer Q. No. 13 and 14.*

The term 'Adivasi' connotes political awareness and the assertion of rights. Literally meaning 'original inhabitants', the term was coined in the 1930s as part of the struggle against the intrusion by the colonial government and outside settlers and moneylenders.

**13.** Which of the following is ***not*** true about Adivasis ?

(A) Their economic conditions were better than the non-Adivasis.

(B) They are found mainly in the north-eastern parts of India.

(C) They were believed to be the people of the forest.

(D) They had practised shifting cultivation.

**14.** Write the following statements in the correct order :

(I) The resource extraction in areas inhabited by tribes can be traced to the British Government.

(II) Since the 1990s, when economic liberalisation policies were officially adopted by the Indian Government, the process of resource extraction in Adivasi areas has become even more powerful.

(III) The term 'Adivasi' was coined in the 1930s as part of the struggle against intrusion by the colonial government and outside settlers.

(IV) The most significant achievement of Adivasi movements includes attainment of statehood for Jharkhand and Chhattisgarh in the year 2000.

**Options :**

(A) (III), (I), (II), (IV)

(B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (IV), (I), (III), (II)

(D) (III), (II), (IV), (I)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** भारत में अंग्रेज़ी भाषा के बहुआयामी और विरोधात्मक प्रभाव के बारे में कौन-सा कथन सही है ?

(A) अंग्रेज़ी का भारत में व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जाता था।

(B) हमारे पास अंग्रेज़ी में भारतीयों द्वारा लिखी गई साहित्यिक रचनाओं का प्रभावशाली संग्रह नहीं है।

(C) अंग्रेज़ी के ज्ञान के कारण भारत को भूमंडलीकृत अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में एक विशेष स्थान प्राप्त है।

(D) दलितों जैसे जो लोग पारंपरिक रूप से औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित थे, उनके लिए अंग्रेज़ी के ज्ञान ने अवसरों के द्वार नहीं खोले।

**16.** *अभिकथन (A) :* संवैधानिक प्रावधान राज्यों और केंद्र की शक्तियों को परिभाषित करते हैं।

*कारण (R) :* क्षेत्रीय भावनाओं को आदर देना मात्र ही राज्य निर्माण के लिए काफी नहीं है, बल्कि इसके लिए एक ऐसा संस्थागत ढाँचा होना भी ज़रूरी है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

## खण्ड ख

**17.** "माल्थस ने कहा था कि मनुष्यों की जनसंख्या उस दर की तुलना में अधिक तेज़ी से बढ़ती है जिस दर पर मनुष्य के भरण-पोषण के साधन (विशेष रूप से भोजन, लेकिन कपड़ा और अन्य कृषि-आधारित उत्पाद भी) बढ़ सकते हैं। इसलिए मनुष्य सदा ही गरीबी की हालत में जीने के लिए दंडित किया गया है क्योंकि कृषि उत्पादन की वृद्धि हमेशा ही जनसंख्या की वृद्धि से पीछे रहेगी।"

माल्थस ने जनसंख्या की वृद्धि को रोकने के क्या तरीके सुझाए हैं ? *1+1=2*

**15.** Which statement is true regarding the many-sided and paradoxical impact of the English language in India ?

(A) English is not widely used in India.

(B) We do not have an impressive body of literary writings by Indians in English.

(C) The knowledge of English has given Indians an edge in the global market.

(D) For those who were traditionally deprived of access to formal education, such as Dalits, knowledge of English did not open doors of opportunities.

**16.** *Assertion (A) :* Constitutional provisions define the powers of the States and the Centre.

*Reason (R) :* Respecting regional sentiments is not just a matter of creating States but it has to be backed up with an institutional structure.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

## SECTION B

**17.** "Malthus argued that human populations tend to grow at a much faster rate than the rate at which the means of human subsistence (specially food, but also clothing and other agriculture-based products) can grow. Therefore, humanity is condemned to live in poverty forever because the growth of agricultural production will always be overtaken by population growth."

What are the methods that Malthus suggests to check the rise in population ? *1+1=2*

**18.** (क) "सामाजिक भेदभाव आकस्मिक या अनायास रूप से नहीं बल्कि व्यवस्थित तरीके से होता है – यह समाज की संरचनात्मक विशेषताओं का परिणाम है।"
उपर्युक्त कथन के संदर्भ में सामाजिक बहिष्कार के अर्थ पर प्रकाश डालिए। *2*

**अथवा**

(ख) "अस्पृश्यता जाति-व्यवस्था का एक अत यंत घृणित एवं दूषित पहलू है।"
अस्पृश्यता के किन्हीं दो आयामों पर प्रकाश डालिए। *2*

**19.** "हमारी बहुत सांस्कृतिक रस्मों और उनके प्रकार में कृषि की पृष्ठभूमि होती है। कृषि और संस्कृति के बीच घनिष्ठ संबंध है।"
दिए गए कथन का समर्थन करने के लिए एक कारण बताइए तथा कृषि से संबंधित किन्हीं दो त्योहारों के नाम बताइए। *2*

**20.** "हमारा समुदाय हमें भाषा (मातृभाषा) और सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करता है जिनके माध्यम से हम विश्व को समझते हैं। यह हमारी स्वयं की पहचान को भी सहारा देता है। यह 'हम क्या हैं' इस भाव की द्योतक है, न कि 'हम क्या बन गए हैं'।"
आप कैसे कह सकते हैं कि सामुदायिक पहचान पूरी तरह जन्म पर आधारित होती है ? *2*

**21.** ब्रिटिश भारत की सरकार ने 1935 में जातियों और जनजातियों की 'अनुसूचियाँ' तैयार की थीं जिनमें उन जातियों तथा जनजातियों के नाम दिए गए थे जिन्हें उनके विरुद्ध बड़े पैमाने पर दिए जा रहे भेदभाव के कारण विशेष बर्ताव का पात्र माना गया था।
स्वतंत्रता के बाद इस भेदभाव की भरपाई के लिए सरकार द्वारा की गई सबसे महत्त्वपूर्ण पहल क्या थी ? इसके बारे में संक्षेप में लिखिए। *2*

**22.** (क) अल्पसंख्यक समूहों की धारणा में आमतौर से असुविधा या हानि का कुछ भाव निहित है। उदाहरण देते हुए इस कथन को स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) पश्चिमी और भारतीय दोनों संदर्भों में धर्मनिरपेक्षता के अर्थ पर प्रकाश डालिए। *2*

**23.** "एक ऐसे देश में जहाँ 5 – 14 आयु वर्ग के आधे बच्चे स्कूल के बाहर हों, वहाँ विकलांगताग्रस्त बच्चों के लिए स्थान कैसे हो सकता है, विशेष रूप से उस स्थिति में जबकि उनके लिए शिक्षा की अलग व्यवस्था करने का समर्थन किया जा रहा हो ?" दो तरीके बताइए जिनसे एक विकलांग बच्चा स्वायत्तता प्राप्त कर सकता है। *1+1=2*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18.** (a) "Social exclusion is not accidental but systematic – it is the result of structural features of society."

In the context of the above statement, highlight the meaning of social exclusion. *2*

**OR**

(b) "Untouchability is an extreme and vicious aspect of the caste system."

Explain any two dimensions of untouchability. *2*

**19.** "Many of our cultural practices and patterns can be traced to our agricultural background. There is a close relationship between agriculture and culture."

Give one reason to support the given statement and name any two agriculture-related festivals. *2*

**20.** "Our community provides us the language (our mother tongue) and the cultural values through which we comprehend the world. It also anchors our self-identity. Community identity is what we 'are' rather than what we have 'become'."

How can you say that community identity is ascriptive ? *2*

**21.** The 'Schedules' listing the castes and tribes recognised as deserving of special treatment because of the massive discrimination practiced against them were drawn up in 1935, by the British Indian government.

Post-independence, which was the most important initiative taken by the government to compensate for this discrimination ? Write briefly about it. *2*

**22.** (a) The notion of minority groups usually involves some sort of a relative disadvantage. Exemplify the statement. *2*

**OR**

(b) Highlight the meaning of Secularism in both, the Western and Indian context. *2*

**23.** "In a country where half the children in the age group of 5 – 14 years are out of school, how can there be space for children with disabilities, especially if a segregated schooling is being advocated for them ?" State two ways by which a disabled child can achieve autonomy. *1+1=2*

**24.** "भारत में 90% से अधिक कार्य चाहे वह कृषि, उद्योग अथवा नौकरी (सेवाएँ) हो, असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र में आते हैं।"

संगठित क्षेत्र के इतना छोटा होने का सामाजिक आशय क्या है ? *2*

**25.** "हमारे सामयिक (वर्तमान) सूचना युग में विश्व भर के सामाजिक आंदोलन विशाल क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संजाल में एकजुट होने में सक्षम हैं।" कथन के समर्थन में उपयुक्त उदाहरण दीजिए। *2*

**खण्ड ग**

**26.** "कृषि के भूमंडलीकरण की प्रक्रिया अथवा कृषि को विस्तृत अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में सम्मिलित किए जाने के संकेत हैं – वह प्रक्रिया जिसका किसानों और ग्रामीण समाज पर सीधा प्रभाव पड़ा है।"

वैश्वीकरण की इस प्रक्रिया में 'अनुबंध खेती' की भूमिका पर चर्चा कीजिए। *4*

**27.** "स्वतंत्रता के बाद के भारतीय राज्य ने स्वतंत्रता-पूर्व काल के विरोधाभासों को विरासत में प्राप्त किया और उन्हें प्रतिबिंबित किया।"

सार्वजनिक क्षेत्र में जाति की भूमिका के संबंध में दिए गए कथन पर टिप्पणी कीजिए। *4*

**28.** "भारतीय राष्ट्रवाद में प्रभावशाली प्रवृत्ति समावेशात्मक और लोकतंत्रात्मक दृष्टि द्वारा चिह्नित रही।"

स्पष्ट कीजिए। *4*

**29.** "भारत में किए जाने वाले कुछ अनुष्ठानों में प्रत्यक्ष रूप से पंथनिरपेक्षीकृत प्रभाव भी रहा है। वस्तुत: अनुष्ठानों के पंथनिरपेक्ष आयाम पंथनिरपेक्षता के लक्ष्यों से पृथक् होते हैं।"

उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

**30.** "जान ब्रेमन ने भूस्वामियों तथा कृषि मज़दूरों के मध्य संबंधों की प्रकृति में परिवर्तन की पहचान की।"

जान ब्रेमन के द्वारा बताए गए वाक्यांश 'संरक्षण से शोषण तक' के अर्थ का उल्लेख कीजिए। *4*

**31.** (क) "ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी।"

उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से इस कथन को स्पष्ट कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) "औपनिवेशिक देश में चलाए गए नियम कानून अलग हो सकते हैं और यह ज़रूरी नहीं है कि ब्रिटिश उन प्रजातांत्रिक नियमों का निर्वाह औपनिवेशिक देश में भी करें जो ब्रिटेन में लागू होते थे।"

औपनिवेशिक कानून किस प्रकार चाय उद्योग के मालिकों और प्रबंधकों के पक्ष में थे ? *4*

**32.** "जनजातीय इलाके देश के खनिज-संपन्न और वनाच्छादित भागों में स्थित थे, इसलिए जनजातीय लोगों को शेष भारतीय समाज के विकास के लिए अनुपात से बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ी।"

स्वतंत्रता के बाद भारत की जनजातीय जनसंख्या के लिए राष्ट्रीय विकास किस प्रकार एक चुनौती रहा है ? *4*

prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** "In India, over 90% of the work, whether it is in agriculture, industry or services is in the unorganised or informal sector."

What are the social implications of this small size of the organised sector ? *2*

**25.** "In our current information age, social movements around the globe are able to join together in huge regional and international networks."

Give suitable examples to support the statement. *2*

## SECTION C

**26.** "Globalisation of agriculture or the incorporation of agriculture into the larger global market – a process that has had direct effects on farmers and rural society."

Discuss the role of 'contract farming' in this process of globalisation. *4*

**27.** "The post-independent Indian state inherited and reflected the contradictions of the pre-independent period."

Comment on the given statement with respect to the role of caste in the public sphere. *4*

**28.** "In Indian nationalism, the dominant trend was marked by an inclusive and democratic vision." Explain. *4*

**29.** "A considerable part of ritual in India has a direct reference to the pursuit of secular ends. Rituals have secular dimensions as distinct from secular goals."

Justify with the help of suitable examples. *4*

**30.** "Jan Breman identified the change in the nature of relationship between landlords and agricultural workers." Explain the meaning of the phrase 'from patronage to exploitation' stated by him. *4*

**31.** (a) "Cities played a key role in the economic system of empires." Elucidate the statement with the help of suitable examples. *4*

**OR**

(b) "The laws of a colonised country did not have to stick to the democratic norms that the British back home had to follow. "

In what ways did the colonial laws favour the owners and managers of the tea industry ? *4*

**32.** "Because the tribal areas were located in mineral-rich and forest-covered parts of the country, tribals have paid a disproportionate price for the development of the rest of Indian society."

How has national development been a challenge for the tribal population of India, post-Independence ? *4*

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड घ

**33.** भारत की ग्रामीण और शहरी जनसंख्या (1901 – 2011) नीचे दर्शाई गई है :

| तालिका : ग्रामीण और शहरी जनसंख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | जनसंख्या (मिलियन में) | | कुल जनसंख्या का प्रतिशत | |
| | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी |
| 1901 | 213 | 26 | 89·2 | 10·8 |
| 1911 | 226 | 26 | 89·7 | 10·3 |
| 1921 | 223 | 28 | 88·8 | 11·2 |
| 1931 | 246 | 33 | 88·0 | 12·0 |
| 1941 | 275 | 44 | 86·1 | 13·9 |
| 1951 | 299 | 62 | 82·7 | 17·3 |
| 1961 | 360 | 79 | 82·0 | 18·0 |
| 1971 | 439 | 109 | 80·1 | 19·9 |
| 1981 | 524 | 159 | 76·7 | 23·3 |
| 1991 | 629 | 218 | 74·3 | 25·7 |
| 2001 | 743 | 286 | 72·2 | 27·8 |
| 2011 | 833 | 377 | 68·8 | 31·2 |

उपर्युक्त तआँकड़ों के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(33.1) ग्रामीण-शहरी प्रवास को 'सामाजिक कारणों' से प्राथमिकता दी जाती है। कोई दो कारण बताइए। *2*

(33.2) 'प्रश्न केवल संख्या का ही नहीं है, आधुनिक विकास की प्रक्रियाएँ यह सुनिश्चित करती हैं कि कृषि-आधारित ग्रामीण जीवन-शैली का आर्थिक और सामाजिक महत्त्व उद्योग-आधारित नगरीय जीवन-शैली के महत्त्व की अपेक्षा घटता रहता है।'

कृषि-ग्रामीण जीवन-शैली में गिरावट के कारणों पर प्रकाश डालिए। *4*

## SECTION D

**33.** The Rural and Urban population in India (1901 – 2011) is given below :

**Table : Rural and Urban Population**

| Year | Population (Millions) | | Percentage of Total Population | |
|---|---|---|---|---|
| | Rural | Urban | Rural | Urban |
| 1901 | 213 | 26 | 89·2 | 10·8 |
| 1911 | 226 | 26 | 89·7 | 10·3 |
| 1921 | 223 | 28 | 88·8 | 11·2 |
| 1931 | 246 | 33 | 88·0 | 12·0 |
| 1941 | 275 | 44 | 86·1 | 13·9 |
| 1951 | 299 | 62 | 82·7 | 17·3 |
| 1961 | 360 | 79 | 82·0 | 18·0 |
| 1971 | 439 | 109 | 80·1 | 19·9 |
| 1981 | 524 | 159 | 76·7 | 23·3 |
| 1991 | 629 | 218 | 74·3 | 25·7 |
| 2001 | 743 | 286 | 72·2 | 27·8 |
| 2011 | 833 | 377 | 68·8 | 31·2 |

Based on the above data, answer the following questions.

(33.1) 'Rural-urban migration is preferred for 'social reasons'. Mention any two reasons. *2*

(33.2) 'It is not a question of numbers alone, processes of modern development ensure that the economic and social significance of the agrarian-rural way of life declines relative to the significance of the industrial way of life.'
Highlight the reasons for the decline in the agrarian-rural way of life. *4*

Prepp
Your Personal Exams Guide

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए (प्र.सं.* ***33*** *के स्थान पर) है :*

नगरीय जनसंख्या का हिस्सा बराबर बढ़ता जा रहा है, जो 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में लगभग 11% था पर अब 21वीं शताब्दी के प्रारंभ में लगभग 28% हो गया है, इस प्रकार इसमें लगभग ढाई गुना वृद्धि हुई है। प्रश्न केवल संख्या का ही नहीं है, आधुनिक विकास की प्रक्रियाएँ यह सुनिश्चित करती हैं कि कृषि-आधारित ग्रामीण जीवन-शैली का आर्थिक और सामाजिक महत्त्व उद्योग-आधारित नगरीय जीवन-शैली के महत्त्व की अपेक्षा घटता रहे। यह तथ्य मोटे तौर पर समस्त विश्व पर ही नहीं बल्कि भारत पर भी लागू होता है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) सामाजिक कारणों के लिए ग्रामीण-शहरी प्रवसन को प्राथमिकता दी जाती है। कोई भी दो कारण बताइए। *2*

(ख) कृषि-आधारित ग्रामीण जीवन-शैली में गिरावट के कारणों को उजागर कीजिए। *4*

**34.** 'घरों पर किया जाने वाला काम आर्थिकी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।' किसी एक 'गृह-आधारित' उद्योग की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डालिए। *6*

**35.** इतिहास में महिला आंदोलन किस प्रकार विकसित हुए हैं ? *6*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *(In lieu of Q.No.* ***33****) :*

The urban population has been increasing its share steadily, from about 11% at the beginning of the twentieth century to about 28% at the beginning of the twenty-first century, an increase of about two-and-a-half times. It is not a question of numbers alone; processes of modern development ensure that the economic and social significance of the agrarian-rural way of life declines relative to the significance of the industrial urban way of life. This has been broadly true all over the world, and it is true in India as well.

Based on the above passage, answer the following questions.

(a) Rural-urban migration is preferred for social reasons. Mention any two reasons. *2*

(b) Highlight the reasons for the decline in the agrarian-rural way of life. *4*

**34.** 'Home-based work is an important part of the economy.' Elaborate on the functioning of any one 'Home-based' Industry. *6*

**35.** How have the women's movements evolved over the period of history ? *6*